# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी।

## विज्ञप्ति

पत्रांकः- 151/DLSA vns/24 दिनांक - 27.5.24

माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक 688/सात-न्याय-7-2012-11/2011 दिनांकित 03.09.2012 द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ए०डी०आर० सेन्टर वाराणसी में रिक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारी(कनिष्ठ लिपिक) के 02 पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारुप पर आवेदन पत्र दिनांक 10.06.2024 तक आमंत्रित किये जा रहे है। जिससे संबंधित अर्हता निम्नवत हैः-

| पद का नाम | अनिवार्य योग्यता | पदों की संख्या | आयु निर्धारण | मासिक पारिश्रमिक की धनराशि(मानदेय) |
|---|---|---|---|---|
| तृतीय श्रेणी (कनिष्ठ लिपिक) संविदा के आधार पर | 1-इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण/समकक्ष<br>2-हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट कम्प्यूटर पर टाइप करने की योग्यता<br>3-NIELIT द्वारा प्रदत्त DOECC या CCC Diploma<br>(नोट- ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा में टाइप की योग्यता और आशुलिपिक का ज्ञान हो, उन्हें वरीयता दी जायेगी।) | 02 | दिनांक 10.06.2024 को 18 से 40 के मध्य | अंकन रुपये 10730/- प्रतिमाह (मानदेय) |

आवश्यक निर्देशः-

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. आवेदक का एक से अधिक जीवित पति/पत्नी नहीं होना चाहिए।
3. आवेदक को किसी परीक्षा में बैठने से नियुक्ति प्राधिकारी/आयोग/न्यायालय द्वारा डिबार न किया गया है।
4. आवेदक को किसी न्यायलय द्वारा किसी आपराधिक मामले में दण्डित नहीं किया गया हो।
5. आवेदक को परीक्षा स्थल पर आने-जाने हेतु कोई मार्ग व्यय भत्ता देय नहीं होगा।
6. आवेदन पत्र अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल कोर्ट वाराणसी उत्तर प्रदेश पिन 221002 को संबोधित सील बंद लिफाफे में समस्त वांछित शैक्षिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, निवास व चरित्र प्रमाण पत्र की स्वयं हस्ताक्षरित छायाप्रतियों तथा दो स्वयं हस्ताक्षरित पासपोर्ट साइज फोटो सहित दिनांक 10.06.2024 की सायं 05:00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी के कार्यालय में जमा करा सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाले अथवा गलत पते पर प्रेषित आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
7. आवेदन का चयन उच्च शैक्षणिक योग्यता, लिखित एवं टंकण परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।
8. आवेदन पत्र के साथ एक स्वपतायुक्त लिफाफा पंजीकृत डाक हेतु निर्धारित डाक टिकट लगाकर प्रस्तुत करें।
9. निहित पारिश्रमिक पर महंगाई भत्ता या अन्य कोई भत्ता आदि देय नहीं होगा।
10. चयन के संबंध में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
11. आवेदक द्वारा दी गयी सूचना चयन के किसी भी स्तर पर मिथ्या पाये जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना पर उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
12. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा के आधार पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 28.02.2025 तक के लिए होगा। कार्यालय की अवधि सम्यक शासनादेशो के अधीन कार्यभार संतोषजनक पाये जाने पर आगे बढ़ायी जा सकती है।
13. आवेदन का प्रारुप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी के नोटिस बोर्ड से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक के मध्य प्राप्त किया जा सकता है अथवा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकारिक वेबसाइट https://www.allahabadhighcourt.in माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की **वेबसाइट** https://upslsa.up.nic.in तथा जनपद न्यायालय, वाराणसी की अधिकारिक **वेबसाइट** https://varanasi.dcourts.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

दिनांक 27.05.2024

27/5/2024

(विजय कुमार विश्वकर्मा)
सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
वाराणसी।

प्रतिलिपि-

1. जनपद न्यायालय, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
2. कलेक्ट्रेट, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

## कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी में तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) के पद पर संविदा के आधार पर अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारुप

1. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)..........................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)..................................................
3. अभ्यर्थी के पिता का नाम...............................................................................
4. अभ्यर्थी की जन्मतिथि...................................................................................
5. दिनांक...........को अभ्यर्थी की उम्र......वर्ष........माह......दिन
6. अभ्यर्थी का लिंग(पुरुष/महिला).......................................................................
7. अभ्यर्थी की जाति..........................................................................................
   (सामान्य/अ०पि०व०/अनु०जाति/अनु०जनजाति)
8. अभ्यर्थी के पत्र व्यवहार का पता......................................................................
   ..................................................................................................................
9. अभ्यर्थी का स्थाई पता...................................................................................
   ..................................................................................................................
10. मोबाइल नं०................................................................................................
11. ई-मेल आईoडी०...........................................................................................
12. अभ्यर्थी की राष्ट्रीयता...................................................................................
13. अनिवार्यता योग्यता-इण्टरमीडिएट परीक्षा एवं NIELIT/DOECC द्वारा CCC Diploma.
14. शैक्षिक योग्यता **(स्व० प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**

स्व० प्रमाणित
पासपोर्ट साईज
फोटो

| क्र०सं० | परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय | वर्ष | श्रेणी/प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

15. टंकण गति (कम्प्यूटर पर)

    हिन्दी............शब्द प्रति मिनट
    
    अंग्रेजी...........शब्द प्रति मिनट

16. विशेष अर्हता/कार्य अनुभवः.............................................................................
17. यदि अभ्यर्थी को किसी न्यायालय द्वारा आपराधिक मामले में दण्डित किया गया हो या उसके विरूद्व कोई आपराधि मामला विचाराधीन हो तो उसका सम्पूर्ण विवरणः..................................................
    ..................................................................................................................
18. यदि अभ्यर्थी को किसी नियुक्ति प्राधिकारी/आयोग/न्यायालय द्वारा परीक्षा में बैठने से डिबार किया गया हो तो उसका सम्पूर्ण विवरण.........................................................................
    ..................................................................................................................

दिनांकः....................

स्थानः.....................

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर

### उद्घोषणा

**मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी** सूचनायें मेरे निजी ज्ञान से सही व सत्य हैं। यदि किसी **भी समय उक्त सूचनायें गलत या झूठी पाई** गई तो उसकी पूर्णरुपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं होगी एवं इस आधार **पर मेरा अभ्यर्थन**/चयन निरस्त किये जाने पर मुझे कोई आपति नहीं होगी। मैंने आवेदन संबन्धी सभी नियम व शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा वे सभी मुझे स्वीकार है।

दिनांक.............

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर